**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.06.2024/प्रादेशिक समाचार/18:00 बजे**

**शपथ ग्रहण तैयारी**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बैठक में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रपति भवन में कवरेज के लिए सेट–अप की समीक्षा की। इसमें सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कल नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में एनडीए गठबधंन के नेता और प्रधानमंत्री के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का सर्वसम्मति से समर्थन किया था।

**समीक्षा बैठक**

प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति ने प्रदेश की चारों सीटों पर पार्टी की जीत का श्रेय मोदी मैजिक को दिया है। पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति की आज शिमला में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि मोदी मैजिक के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और नितिन गड़करी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरों का भी प्रदेश भाजपा को काफी फायदा मिला। पार्टी के संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के एक लाख 42 हजार सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के दम पर लड़ा गया। पार्टी महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के बावजूद भाजपा को लोकसभा चुनाव में 56 दशमलव दो 9 प्रतिशत वोट मिले जबकि कांग्रेस को सिर्फ 41 दशमलव पांच सात प्रतिशत मत पड़े।

**मनीष गर्ग**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज सोलन में 04 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित ई.वी.एम. और वी.वी.पैट. वेयरहाउस का लोकार्पण किया। इसका शिलान्यास मार्च, 2021 में किया गया था। मनीष गर्ग ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में ई.वी.एम. वेयरहाउस स्थापित किए जा रहे हैं ताकि विशिष्ट मापदण्डों के साथ ई.वी.एम. और वी.वी.पैट. मशीनों को एक साथ एक स्थान पर सुरक्षित भंडारण किया जा सके। इससे न केवल मशीनों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि चुनाव

प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से पूरा करने में भी सुविधा प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि पहले ई.वी.एम. और वी.वी. पैट. मशीनों को राजकीय महाविद्यालयों या स्कूल परिसरों में रखा जाता था और इस स्थिति में इन मशीनों के लिए सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्था करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षण संस्थानों के कमरों का लम्बे समय तक उपयोग होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होती थी।

**हरीश जनारथा**

शिमला के विधायक हरीश जनारथा ने शिमला शहर में नवबहार पेट्रोल पम्प से आई.जी.एम.सी. शिमला तक सुरंग निर्माण की स्वीकृति देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। जनारथा ने आज शिमला में कहा कि इस सुरंग के बन जाने से शिमला शहर में बढ़ती यातायात समस्या से निपटने में काफी मद्द मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सुरंग का फायदा स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटकों को भी होगा। जनारथा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिमला शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

**योग दिवस**

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुष विभाग के प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि विभाग ने इसकी तैयारियां आरंभ कर दी हैं। योग दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले शिविरों में आम लोगों को योगाभ्यास करवाया जाएगा। इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे। प्रवक्ता ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा और संस्कृति की अमूल्य देन है और वर्तमान जीवन शैली में योग को अपनाकर हम पूर्ण रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

**ड़ांस और ड्रामा**

राजधानी शिमला में आज से 10 जून तक देश के 20 राज्यों के एक हजार से अधिक डांस और ड्रामा कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। इस डांस और ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया आर्टिस्ट्स संस्था द्वारा किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष रोहिताश गौड़ ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस प्रतियोगिता में 24 नाटय दल और 2 सौ 60 नृत्य दल हिस्सा ले रहे हैं। डांस प्रतियोगिता आज से शुरू हो गई है जबकि नृत्य प्रतियोगिता की शुरूआत कल से होगी। प्रतियोगिता में कथक, भरतनाट्यम, कथाकली, गरबा, लावणी और सालसा प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी। हिन्दी रंग मंच की स्थिति पर एक राष्ट्रीय सेमिनार भी आयोजित होगा।

**चैतावनी**

देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी के प्रभाव से पहाड़ों पर बर्फ पिघलने की गति तेज हो गई है। ऐसे में इन दिनों प्रदेश के सभी बर्फानी नदी नाले उफान पर हैं। लाहौल स्पीति जिला प्रशासन ने लाहौल घाटी में बड़ी संख्या में पहुंच रहे पर्यटकों को नदी–नालों के समीप न जाने को लेकर चेतावनी बोर्ड लगाए हैं। हालांकि पर्यटक इस चेतावनी को लगातार नजरंदाज कर रहे हैं और दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। ऐसे में अब स्थानीय लोग जोखिम वाले स्थानों पर पुलिस की तैनाती की मांग कर रहे हैं।

———————————————————————————————————————